
# टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर के लिए जमीन पर चर्चा, चार चरणों में बनेगा आईटी पार्क, मेडिसिटी का 27 प्रतिशत काम पूरा

## सिंहस्थ मेला अधिकारी अशीष सिंह ने निर्माण कार्यों की समीक्षा की, उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने देखा आईटी पार्क

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर में महाकुंभ 2028 की तैयारियां बड़े पैमाने पर चल रही है। 500 से अधिक निर्माण कार्य विकास कार्य शहर में संचालित किया जा रहे हैं। इन सब का अवलोकन लगातार अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने जरूरी बैठक ली और निर्माण कार्य की प्रगति जानी वहीं उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह आईटी पार्क का अवलोकन किया।

धार्मिक नगरी को पर्यटन नगरी बनाए जाने की दिशा में भी लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। अब आगंतुक अतिथि श्रद्धालु सिर्फ महाकाल दर्शन करने के लिए नहीं आते, बल्कि उज्जैन के वैभव को देखने के लिए भी आ रहे हैं ऐसे में वीर भारत संग्रहालय का निर्माण भी किया जा रहा है। पुरानी कोठी का रूपांतरण किया जा रहा है और वहां पर इतिहास के महापुरुषों से लेकर धार्मिक सांस्कृतिक सामाजिक चित्रण भी किया जाएगा। यही नहीं श्रद्धालुओं के लिए फैसिलिटी सेंटर के लिए भी चर्चा की जा रही है जल्द ही जमीन से लेकर अन्य प्रक्रियाएं पूरी की जाएगी। अभी तक 7.1 किमी में अपर रिटेनिंग वॉल का निर्माण हो चुका है। 2 बैराज अभी निर्माणाधीन है, उनमें से बैराज का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। बैठक में जानकारी दी गई कि जैसे-जैसे नदी में जल स्तर कम हो रहा है वैसे-वैसे लेबर की संख्या बढ़ाकर कार्य तेजी से किया जा रहा है। भवन निर्माण विभाग के अधिकारी ने जानकारी दी कि मेडिसिटी मेडिकल कॉलेज का लगभग 27 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल के 4 भवनों का कार्य छत तक पूर्ण हो चुका है। पुलिस हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी कार्य लक्ष्यानुसार प्रगतिरत है। संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी सिंह ने पॉलिसी हाउसिंग बोर्ड को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में संभागायुक्त ने विद्युत विभाग के कार्यों में निर्माण स्थलों पर टेस्ट के लिए जरूरी उपकरण कार्य स्थल पर रखने के निर्देश दिए। बैठक में टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर बनाने के लिए भूमि देने पर भी चर्चा की गई।





### सिंहस्थ मेला और संभाग आयुक्त ने ली बैठक

सिंहस्थ मेला अधिकारी व संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने मंगलवार को सिंहस्थ 2028 के लिए किए जा रहे अधोसंरचना विकास के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी गोपाल डाड, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट और मंदसौर जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जल संसाधन विभाग के सेवरखेड़ी सिलारखेड़ी परियोजना की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि 6 में से एक 1 गेट निर्माणाधीन है। पंप हाउस के चैंबर के फाउंडेशन का निर्माण कार्य पूर्ण हो कर वॉल निर्माण का कार्य प्रगतिरत है।

### कलेक्टर पहुंचे आईटी पार्क-दूसरे फेस की टेंडर प्रक्रिया

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार को शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप निर्माणरत आईटी पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान एमपीआइडीसी के क्षेत्रीय महाप्रबंधक राजेश राठौर एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान राठौर द्वारा बताया गया कि आईटी पार्क के प्रथम फेज का कार्य तेजी से किया जा रहा है। दूसरे फेज के लिए टेंडर की प्रक्रिया हो चुकी है। प्रथम फेज में बनने वाला भवन जी प्लस-06 होगा। कलेक्टर ने आईटी पार्क के प्रथम फेज में पार्किंग स्थल और प्रथम तल का अवलोकन किया गया। बताया गया कि प्रथम फेज दिसंबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। प्रथम फेज लगभग 46 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होगा। आईटी पार्क में कुल 04 फेज रहेंगे। कलेक्टर ने इसका व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने के निर्देश दिए। बता दें कि शहर में जितने भी काम चल रहे हैं उनमें गुणवत्ता और मॉनीटरिंग का कार्य दोनों दिग्गज अधिकारी प्रतिदिन कर रहे हैं और इसके लिए संबंधितों को निर्देशित भी कर रहे हैं।

## लायंस क्लब का दिव्यांग सेवा शिविर प्रारंभ

**उज्जैन।** लायन्स क्लब उज्जयिनी के पूर्व वरिष्ठ एवं समर्पित सदस्य स्व. बद्रीलाल अग्रवाल एवं स्व. आनंद बाला अग्रवाल की पावन पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र लायन शिव अग्रवाल एवं संजय अग्रवाल एवं अग्रवाल परिवार तथा लायन्स क्लब उज्जयिनी द्वारा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सौजन्य से नि:शुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 6 जनवरी को प्रात: इस शिविर का शुभारंभ नगर निगम उज्जैन अध्यक्ष कलावती यादव के मुख्य आतिथ्य में तथा प्रवीण वशिष्ठ के विशेष आथित्य में हुआ। इस अवसर पर भगवान दास ऐरन, आरजी पाठक, मनीषा शिव अग्रवाल, शिव बंसल, अरविंद गुमास्ते, मुकुंद गोरे एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांजन सशक्तिकरण विभाग के सोलंकी व लायन सदस्यों की उपस्थिति रही। शिविर के प्रथम दिवस ही कोलकाता से आए डॉ. प्रभाकर एवं विशेषज्ञ टीम द्वारा 21 दिव्यांग जनों का परीक्षण कर तुरंत 5 लोगों को कृत्रिम हाथ, 12 लोगो को कृत्रिम पैर एवं 4 दिव्यांग जन को पोलियों क्लिपर्स तैयार कर फिट किए। शिविर में आनंद मंगल, तथा इंदौर से पधारे चमन लाल डागा, अनूप अग्रवाल, प्रदीप उपस्थित रहे। 6 से 9 जनवरी तक चलने वाले इस निशुल्क शिविर में लायंस क्लब उज्जयिनी के सदस्यों के साथ उपस्थित होकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# पाइप से भरे ट्रक से टकराई तूफान गाड़ी, 3 लोगों की मौत

## तेलंगाना से महाकाल दर्शन करने आ रहे थे उज्जैन, पांच घायल

**उज्जैन। धार्मिक यात्रा पर महाकाल दर्शन करने तेलंगाना से एक दर्जन से अधिक लोग तूफान गाड़ी में सवार होकर उज्जैन आ रहे थे। देवास रोड पर सोमवार मंगलवार रात 3 बजे गाड़ी सामने चल रहा है पाइप से भरे ट्रक में जा घुसी। दुर्घटना में तीन की मौत हुई है पांच घायल है।**



नागझरी थाना प्रभारी कमल निगवाल ने बताया कि ग्राम चंदेसरी में रात 3 बजे ट्रक और तूफान गाड़ी में टक्कर हो गई थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो सामने आया कि तेज गति से दौड़ती तूफान पीछे से पाइप लेकर जा रहे ट्रक में घुसी है। तूफान में सवार लोगों को बाहर निकल गया। लेकिन नरसिम्हा पिता बालचंद्रप्पा 20 साल निवासी कांदीपुर जिला मेहबूब नगर कुंथाकुटा तेलंगाना और जगन्नाथ पिता वेंकटेश 26 साल की मौत हो चुकी थी, घायल केबी नरसिम्हा पिता नरसिम्हा 20 साल, शिवा कुमार पिता एलप्पा 25 साल, रामप्पा पिता बुटप्पा 45 साल, मलेश पिता नरसप्पा 30 साल, अरसिद पिता लक्ष्मण 11 साल और काशप्पा पिता चिन्ना रामुलु 20 साल घायल थे जिन्हें उपचार के लिए सड़क अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में शामिल शिव कुमार की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे इंदौर रेफर किया गया। शिवकुमार की इंदौर एम व्हाय अस्पताल में कुछ देर बाद मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना परिजनों को दी गई। मंगलवार अलसुबह तीनों मृतकों के परिजन फ्लाइट से इंदौर पहुंचे जहां से दो के उज्जैन आए। एक का पोस्टमार्टम इंदौर और दो का उज्जैन में कराया गया। तीनों के शव देर शाम तेलंगाना ले जाये गए हैं। दुर्घटना में घायलों ने बताया कि वह धार्मिक यात्रा पर निकले थे। उन्होंने शिरडी और ओंकारेश्वर के दर्शन कर लिए थे। उज्जैन महाकाल दर्शन करने के बाद अयोध्या जाना था। गाड़ी जगन्नाथ चल रहा था। सामने चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए थे जिसके चलते उनकी गाड़ी पीछे से जाकर टकराई है। पुलिस ने मामले में नरसिम्हा की शिकायत पर दुर्घटना का मामला दर्ज किया है।

### हंगामा करने के बाद रिक्शा चालक ने लगाई फांसी

उज्जैन। शराब पीकर घर लौटे रिक्शा चालक ने हंगामा किया। भाई ने पुलिस को कॉल किया। इस बीच हंगामा कर रहे रिक्शा चालक ने दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर फंदे से उतरा है। चिमनगंज थाना क्षेत्र की गिरिराज रतन कॉलोनी में रहने वाला सुनील पिता मदनलाल मीणा 35 वर्ष रिक्शा चलाता था। रात में वह शराब पीकर घर पहुंचा और हंगामा करने लगा। पत्नी तीन बच्चों को लेकर कुछ दूरी पर रहने वाले जेठ किशोर मीणा के घर चली गई। सुनील ने भाई के घर पहुंच कर भी हंगामा किया। जिसके चलते भाई ने डायल 112 पर कॉल कर दिया। पुलिस गिरिराज रतन कॉलोनी पहुंचती इससे पहले सुनील अपने घर पहुंचा और अंदर से दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। पुलिस ने दरवाजा खटखटाकर खुलवाने का प्रयास किया काफी देर तक नहीं खुला तो तोड़ा गया। सुनील फंदे पर लटका हुआ था। उसे नीचे उतारा गया और चरक अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। रात में बॉडी पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाई गई। पुलिस ने मर्ग कायम किया मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया है। सुनील ने शराब के नशे में आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस मामले की जांच शुरू करेगी।

## गढ़कालिका मंदिर में किया 56 भोग अर्पण



**उज्जैन।** 6 जनवरी को विश्वप्रसिद्ध गढ़कालिका मंदिर में स्व. गादीपति महंत दीपक नाथ जी के जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार को भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में 56 भोग अर्पण, विशाल प्रसाद वितरण एवं कन्या तथा बटुक भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्व. गादीपति महंत दीपक नाथ की पत्नी महंत टीनानाथ पुजारी एवं उनके बेटे वर्तमान गादीपति आदित्यनाथ पुजारी के सान्निध्य में संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने मां गढ़कालिका के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कन्या और बटुक भोजन के माध्यम से सेवा, संस्कार एवं सनातन परंपरा के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया गया।

## सीसीटीवी की मदद से मिले सोने के आभूषण

**उज्जैन। बैंक आए व्यक्ति के एक तोला वजनी सोने के आभूषण गुम हो गए थे। पुलिस में सीसीटीवी कैमरों की मदद से आभूषण खोज निकाले और उक्त व्यक्ति को वापस लौटा दिए।**



माधव नगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि राहुल पिता मोहनसिंह आंजना, निवासी ग्राम भैरूपुरा, तहसील तराना द्वारा थाना माधव नगर में रिपोर्ट की गई कि वह दोपहर लगभग 1.30 बजे केपरी गोल्ड लोन बैंक, ऋषि नगर (पेट्रोल पम्प के पीछे, एलआईसी कार्यालय के ऊपर) से अपने सोने के जेवर छुड़वाकर बाहर निकला था। वाहन में बैठते समय उसने अपनी जरकीन उतारकर वाहन में रखी तथा वहां से चला गया। कुछ समय पश्चात जांच करने पर जरकीन में रखे दो कान की सोने की झुमकी एवं दो सोने की बालियां गायब पाई गईं। सोने के आभूषण गुम होने पर बैंक के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखने शुरू किये। सघन जांच एवं तलाशी के दौरान पुलिस को संबंधित बैंक के पास एक बंधी हुई पुड़िया में फरियादी के गुम हुए सोने के जेवरात सुरक्षित अवस्था में प्राप्त हुए। नियमानुसार लिखा-पढ़ी की कार्रवाई पूर्ण कर जेवरात फरियादी को सुपुर्द किए गए। आभूषणों की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए के लगभग थी। जिन्हें खोज निकालने में सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मीकांत गौतम, आरक्षक देवराज, आरक्षक अविनाश का सहयोग रहा।

## पेयजल सप्लाई के दौरान पानी की जांच की

**उज्जैन।** शहर में पेयजल सप्लाई के दौरान मंगलवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा वार्डों में पहुंच कर जल प्रदाय एवं पानी की शुद्धता की जांच की गई। जिसके क्रम में महेश नगर, श्रीराम कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 04 नागेश्वर धाम कॉलोनी में जल कार्य समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल एवं अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर द्वारा सर्वप्रथम चामुंडा माता स्थित पीएचई विभाग के कंट्रोल रूम पर पहुंचकर जो शिकायत प्राप्त होती है। उसके बारे में जानकारी ली गई एवं उनके समाधान किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात वार्डों में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने रहवासियों से भी चर्चा करते हुए पूछा कि पानी साफ आ रहा है या नहीं रहवासियों द्वारा बताया गया कि पानी साफ आ रहा है। साथ ही नगर निगम के अधिकारी घर-घर पहुंच कर पानी की जांच भी कर रहे हैं। जिसके क्रम में मौके पर ही टेस्टिंग किट के द्वारा पानी में केमिकल डालकर जांच की गई जिसमें पानी शुद्ध पाया गया।

## भारतीय जनता पार्टी उज्जैन उत्तर-दक्षिण विधानसभा की बैठक संपन्न




**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी नगर द्वारा उज्जैन उत्तर व दक्षिण विधानसभा की बैठक भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन पर आयोजित की गई। बैठक को प्रदेश महामंत्री व संभाग प्रभारी लता वानखेड़े ने संबोधित किया।

मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार बैठक को सम्बोधित करते हुए संभाग प्रभारी लता वानखेड़े ने कहा की एस आई आर के पहले चरण के बाद अब दूसरा चरण चल रहा है पहले चरण में प्रशासन की भूमिका थी। अब दूसरे चरण में कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। यही मतदाता सूची के आधार पर नगर निगम, विधानसभा, लोकसभा के चुनाव संपन्न होंगे। सारे चुनाव इसी सूची से संपन्न होंगे। उन्होंने कहा कि हमें जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी ईमानदारी से पूरा करना है। हमें हमारी विचारधारा के लोगों के नाम जोड़ना है कोई नाम छूटे नहीं यह मुख्यमंत्री का क्षेत्र है हमें हर कार्य मैं आगे रहना है जिम्मेदारी के साथ काम करना है। बूथ की मजबूती और संगठन की शक्ति से ही चुनावों में ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित होती है। इसलिए आप सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों में संगठन को और मजबूती देने के लिए कार्य करें।

उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों के साथ संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जनसेवाभावी बनाने से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक को नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम सभापति कलावती यादव, एस आई आर प्रभारी अंबाराम कराड़ा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल जाटवा, प्रदेश मंत्री बबीता परमार, रूप पमनानी, महामंत्री जगदीश पांचाल, आनन्दसिंह खींची, कमल बेरवा, अनिल शिंदे सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

**चतुर्थी पर भक्ति..** उज्जैन के प्रमुख गणेश मंदिरों में लगी रही भक्तों की भीड़, भोग के साथ प्रसादी का वितरण भी किया गया

# महाकाल मंदिर प्रांगण के सिद्धिविनायक व चितांमन को चतुर्थी पर तिल के पकवानों का भोग

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर प्रांगण में स्थित प्रसिद्ध श्री सिद्धिविनायक गणेश जी महाराज को मंगलवार को तिल चतुर्थी पर्व के मौके पर तिल से बने पकवानों का भोग लगाया गया। मंदिर के पुजारी चमू गुरु उपाध्याय, आयुष उपाध्याय, नन्नू गुरु उपाध्याय ने बताया कि चतुर्थ पर सुबह 11 पंडितों ने भगवान गणपति का मंत्रोच्चार के साथ पूजन कर गणपति अथर्वशीर्ष के पाठ किए गए। गणेशजी का आकर्षक श्रृंगार व मंदिर में विशेष सजावट की गई। दोपहर में समाजसेवी अभय यादव आदि ने महाआरती की। आरती के पश्चात उपस्थित भक्तों को तिल के पकवानों का प्रसाद वितरित किया गया। प्रसिद्ध चिंतामन गणेश मंदिर में भी दर्शन के लिए तिल चतुर्थी पर्व के अवसर पर हजारों श्रद्धालु उमड़े। मंदिर के पुजारी गणेश गुरु ने बताया कि सुबह 4 बजे पट खोलकर भगवान का अभिषेक-पूजन कर सिंदूर चांदी वर्क आदि से श्रृंगार किया गया। इसके बाद आम दर्शन का सिलसिला प्रारंभ हुआ। सुबह की आरती पश्चात पुन: भगवान का विशेष श्रृंगार कर मंदिर में सजावट की गई व तिल के पकवानों का भोग लगाया गया। मंदिर समिति के प्रबंधक लखन तिवारी ने बताया कि अधिक भीड़ के चलते श्रद्धालुओं को बाहर से दर्शन कराए गए।



**50 हजार के 200 कैरेट्स दान कर गए**-पुणे महाराष्ट्र से आए भक्त शम्मी झा ने महाकाल मंदिर में दर्शन कर मंदिर समिति की लड्डू प्रसाद निर्माण इकाई के उपयोग के लिए 50 हजार रुपए मूल्य के कैरेटस दान किए। इन कैरेट्स की संख्या 200 बताई जाती है।

### अभिनेत्री निमरत कौर महाकाल की भस्मारती में शामिल

अक्षय कुमार के साथ फिल्म एयरलिफ्ट में मुख्य अभिनेत्री की भूमिका निभाने वाली निमरत कौर मंगलवार को उज्जैन आई। इस दौरान वे अल सुबह की भस्मारती में शामिल हुई। नंदी हॉल में बैठकर उन्होंने बाबा की आरती देखी इसके बाद दर्शन किए। निमरत कौर फैमिली मैन, द लंच बॉक्स जैसी कई चर्चित फिल्मों में काम कर चुकी है।



## एक नजर में



### नागदा थाना प्रभारी गवरी सम्मानित

**उज्जैन।** पिछले दिनों नागदा क्षेत्र में फांसी पर लटके एक युवक की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक की जान बचाने वाले नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी को उज्जैन की सामाजिक संस्था मुस्कान मानव सेवा समिति द्वारा ऑपरेशन सिंदूर अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष रईस खान एवं फारूक वल्ली ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना की रात लगभग 2 बजे, जब युवक के परिजन उसे मृत मानकर विलाप कर रहे थे, उसी समय थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल युवक को फंदे से नीचे उतरवाया और बिना समय गंवाए सीपीआर देकर प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद युवक को स्वयं की गोद में लेकर अस्पताल पहुंचाया, जिससे उसकी जान बच सकी। इससे पूर्व भी थाना प्रभारी गवरी द्वारा एक सड़क दुर्घटना के दौरान, जब उनकी स्वयं की कार पलट गई थी, अपनी जान की परवाह किए बिना वाहन चालक को सीपीआर देकर उसकी जान बचाई गई थी। संस्था ने कहा कि ऐसे अधिकारियों का सम्मान इसलिए आवश्यक है ताकि समाज पुलिसिंग के साथ-साथ संवेदनशीलता, मानवीय मूल्यों और सेवा भावना से भी प्रेरणा ले सके। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी जैसे व्यक्तित्व पुलिस विभाग का गौरव बढ़ाते हैं और आमजन के बीच विश्वास को मजबूत करते हैं।



### राष्ट्रीय मार्शल आर्ट्स गेम्स का आयोजन

**उज्जैन।** उज्जैन में तीन दिवसीय राष्ट्रीय मार्शल आर्ट्स गेम्स का आयोजन मार्शल आर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया द्वारा किया गया। जिसमें थांगता कलारिपयट्टू, बॉक्सिंग, लाठी, कराते, आदि जैसे कई बड़े गेम शामिल थे। इस प्रतियोगिता में कई राज्यों से टीमों ने सहभागिता की जिसमें उज्जैन के पाटीदार नर्सिंग इंस्टिट्यूट के 8 खिलाड़ियों ने इस चैंपियनशिप भाग लिया। पाटीदार नर्सिंग इंस्टिट्यूट के स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट से अभिषेक मरमट ने बताया कि खिलाड़ियों ने थांगता गेम में सीनियर वर्ग में इस प्रतियोगियों में भाग लेकर 5 स्वर्ण एवं एक रजत पदक हासिल किए जिसमें निशा चौहान, राधा सौराष्ट्रीय, प्रियंका सौराष्ट्रीय, लक्ष्मण सिंह, पवन यादव को स्वर्ण पदक एवं दिव्या सोलंकी को रजत पदक प्राप्त हुए। खिलाड़ियों की इस सफलता पर पाटीदार नर्सिंग इंस्टीट्यूट के संचालक, प्राचार्य डॉ. नेहा टाइटस, वाईस प्रिंसिपल डॉ. विमलेश व्यास और सभी स्टाफ ने शुभकामनाएं देकर खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।




### अद्विका, धैर्या, पटवा का मेन ड्रॉ में चयन

**उज्जैन।** नीमच में आयोजित ओपन स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में उज्जैन की प्रतिभाशाली खिलाड़ी अद्विका सिंह, धैर्या शर्मा और आदि पटवा ने लीग मैचेस में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेन ड्रॉ में अपना स्थान सुनिश्चित किया। इन सभी खिलाड़ियों ने अपने प्रतिद्वंदियों को सीधे सेटो में पराजित कर यह गौरव हासिल किया। अद्विका सिंह और धैर्या शर्मा अभी जूनियर ग्रुप्स की खिलाड़ी है लेकिन अपने दमदार खेल की वजह से सीनियर टूर्नामेंट के मेन ड्रॉ में अपना स्थान पक्का किया है। यह सभी खिलाड़ी विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब महानंदा नगर में कोच योगेश बन्देवार से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, उज्जैन बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव यादव, विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष दिनेश जाटवा, सेक्रेटरी जितेंद्र मुकाती सहित सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया तथा खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मामोडिया तकनीकी अधिकारी नियुक्त

**उज्जैन।** उपायुक्त सहकारिता जिला उज्जैन में कार्यरत मुन्नालाल मामोडिया का चयन भारत सरकार की स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) द्वारा गुजरात में 4 जनवरी से 10 जनवरी तक आयोजित हो रहे है जिसमें राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय निर्णायक मामोडिया का चयन मलखंभ खेल के तकनीकि अधिकारी के रूप में हुआ है। यह मलखंभ प्रतियोगिता दादर नगर हवेली के दमन एंड दीव गुजरात में आयोजित हो रही है। श्री मामोडिया पूर्व में भी नेशनल गेम्स, खेलों इंडिया एवं कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में अपनी भूमिका निभा चुके है। इनकी इस उपलब्धि पर सहकारिता विभाग के कमिश्नर के. पाटनकर, मलखंभ संघ के अध्यक्ष सोनू गहलोत विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित मोहनलाल धाकड़ एवं दिलीप असरानी (एससीआई) और पूरे सहकारिता परिवार ने हर्ष जताते हुए शुभकामनाएं दी एवं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उक्त जानकारी विभाग के स्टेनो अशोक चौहान द्वारा दी गई।